हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार, 30 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 21.5 डिग्री

11 यात्रियों की सुविधा के लिए 42 जोड़ी ट्रेनों में डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी



12 एचटेट परीक्षा को लेकर पुलिस ने किए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध शाम के सत्र में होगी पीजीटी की परीक्षा



## खबर संक्षेप

### मालपुरा के पास अज्ञात शव बरामद

**धारूहेड़ा।** मालपुरा में मंगलवार सुबह एक कंपनी के पास अज्ञात शव मिला है। पुलिस को सूचना मिली थी मऊ लोकरी रोड पर एक कंपनी के पास शव पड़ा हुआ है। धारूहेड़ा पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आसपास के गांवों में सूचना दी। काफी प्रयास के बाद भी मृतक की पहचान नहीं हो सकी। उसकी उम्र करीब 50 वर्ष बताई जा रही है। शरीर पर किसी तरह के कोई निशान नहीं मिले हैं। पुलिस ने शव को शिनाख्त के लिए सामान्य अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया।

### मारपीट मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोसली।** सुर्खपुर गांव में 14 जून को मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दो महिलाओं सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अस्पताल में उपचाराधीन घायल के बयान पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने सुर्खपुर निवासी संगीता, दिनेश और प्रमिला को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### टूटी सड़क से हादसों की आशंका

**रेवाड़ी।** गढ़ी बोलनी रोड पर कसोला चौक के पास टूटी सड़क से हादसों की आशंका बनी हुई है। चौक के आसपास के दुकानदारों ने बताया कि नेशनल हाइवे के फ्लाईओवर के नीच सर्विस रोड और बोलनी रोड टूटकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। बारिश होते ही इसमें पानी भर जाता है, जिससे हादसों का डर बना रहता है। बारिश नहीं होने पर टूटी सड़क से उड़ने वाली धूल दुकानदारों के लिए आफत बन जाती है। दुकानदारों ने प्रशासन से सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है।

### दहेज प्रताड़ने के मामले में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ति करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में महिला थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा कराने के प्रयास किए थे। बातचीत सिरे नहीं चढ़ने पर पुलिस ने 4 जुलाई को बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने महेंद्रगढ़ के सलीमपुर निवासी रोबिन को गिरफ्तार किया है। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**कोसली।** पुलिस ने गत 7 जुलाई को थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे के बाद फरार गाड़ी चालक को गिरफ्तार किया है। कार की टक्कर से युवक की मौत के बाद पुलिस ने केस दर्ज किया था। चालक कार सहित मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू किए थे। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने टूमना निवासी संदीप को गिरफ्तार करते हुए कार कब्जे में ले ली। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामले में दंपति किए गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दंपति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ति पक्ष के बयान पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। 25 जुलाई को दर्ज किए गए इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने जाटूवास निवासी रेनू व उसके पति योगेश को गिरफ्तार कर लिया। घटना में प्रयुक्त एक टैंपो भी पुलिस ने कब्जे में लिया है। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

---

### गढ़ी बोलनी रोड और बावल के रसियावास रोड पर तोड़े निर्माण

# कंट्रोल्ड एरिया में फिर चली जेसीबी डीटीपी टीम का 8 एकड़ में एक्शन

- बिना अनुमति निर्माण करने वालों में एक बार फिर मची खलबली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी





रेवाड़ी। अवैध निर्माण तोड़ती डीटीपी की जेसीबी, अवैध निर्माण तोड़ती डीटीपी की जेसीबी। फोटो :हरिभूमि

कंट्रोल्ड एरिया में बिना अनुमति निर्माण करने वाले लोगों के खिलाफ एक बार फिर डीटीपी का एक्शन तेज हो गया है। डीटीपी की टीम ने गढ़ी बोलनी रोड व बावल के रसियावास रोड पर मंगलवार को लगभग 8 एकड़ में किए गए निर्माण ध्वस्त कर दिए। डीटीपी की इस कार्रवाई से अवैध रूप से निर्माण करने व कॉलोनियां काटने वाले लोगों में खलबली मच गई। विभाग की यह कार्रवाई लगातार जारी रहने की संभावना है। सरकार की ओर से बीते दिनों पुरानी कॉलोनियों को नियमित करने के साथ ही यह निर्णय लिया गया था कि किसी भी सूरत में नई कॉलोनियां विकसित नहीं होने पाए। इसके लिए अधिकारियों को निर्देश जारी किए थे। इसके बाद डीटीपी ने बिना अनुमति कॉलोनियां विकसित करने वाले व प्लॉटिंग के बाद निर्माण करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई तेज की हुई है। मंगलवार को डीटीपी की टीम गढ़ी बोलनी रोड पर जेसीबी मशीन और पुलिस बल के साथ पहुंची। धामलाका व ततारपुर इस्तमुरार की राजस्व सीमा लगभग पांच एकड़ भूमि पर किए गए निर्माण ध्वस्त कर दिए गए। कच्चे रोड नेटवर्क को समतल बना दिया गया। इस दौरान 15 डीपीसी व 6 परिकास्ट चारदीवारी को जमींदोज किया गया। भारी पुलिसबल की मौजूदगी के कारण डीटीपी की कार्रवाई का विरोध नहीं हुआ।

#### रसियावास रोड पर भी हुआ एक्शन

डीटीपी की टीम बाद में बावल के रसियावास रोड पर पहुंची। वहां लगभग 3 एकड़ भूमि पर किए गए निर्माण ध्वस्त किए गए। इस रोड पर रसियावास व हरचंदपुर की राजस्व सीमा में निर्माण शुरू हुए हैं। डीटीपी की टीम ने 8 डीपीसी व तीन परिकास्ट चारदीवारी को जेसीबी मशीन से साफ कर दिया। कॉलोनियां काटने वाले लोग चुपचाप तमाशा देखते रहे। कॉलोनी विकसित करने के लिए तैयार किए गए कच्चे रोड नेटवर्क को भी जेसीबी मशीन से खत्म कर दिया गया। डीटीपी की इस कार्रवाई से एक बार फिर कॉलोनाइजरों में हड़कंप की स्थिति पैदा हो गई।

#### अनियमित कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें



आमजन प्रॉपर्टी डीलरों के झांसे में आकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें। अनियमित कॉलोनियों में प्लॉट खरीकर मकान बनाने वाले लोगों को तोड़फोड़ के बाद दोहरे नुकसान का सामना करना पड़ता है। लोगों को प्लॉट खरीदने से पहले विभागीय कार्यालय से यह पता करना चाहिए कि जहां वह प्लॉट खरीद रहे हैं, वह कॉलोनी रेगुलर है या नहीं। अभी नई कॉलोनियों को रेगुलर को करने की सरकार की कोई योजना नहीं है। बिना अनुमति किए जाने वाले निर्माण किसी भी सूरत में छोड़े नहीं जाएंगे। यह कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। -मंदीप सिंह सिहाग, डीटीपी।

---

# खुले दरबार में बिजली संबंधी 12 शिकायतों का समाधान



रेवाड़ी। कार्यकारी अभियंता अनीश कुमार बिजली उपभोक्ताओं की शिकायत सुनते हुए। फोटो :हरिभूमि

- खराब ट्रांसफार्मर को बदलें जाने, लाइट डिम रहने, गलत मीटर रीडिंग, बिजली के पोल या हाई वोल्टेज तारें हटाए जाने से संबंधित शिकायतें आईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली लघु सचिवालय परिसर स्थित बिजली वितरण निगम के कार्यालय में मंगलवार को खुला दरबार का आयोजन किया गया। कार्यकारी अभियंता अनीश कुमार ने उपभोक्ताओं की 12 शिकायतों की सुनवाई की, जिनमें खराब ट्रांसफार्मर को बदलें जाने, लाइट डिम रहने, गलत मीटर रीडिंग, बिजली के पोल या हाई वोल्टेज तारें हटाए जाने से संबंधित शिकायतें थी। कार्यकारी अभियंता ने मौके पर ही इन शिकायतों का निपटारा किया। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम का उद्देश्य अपने उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं देना है। उपभोक्ता की ओर से कोई भी शिकायत मिलती है तो उस पर प्रभावी कार्रवाई की जाती है। कोसली डिवीजन क्षेत्र में उपभोक्ताओं की समस्याओं का निदान करने के लिए हर महीने कहीं न कहीं खुला दरबार लगाया जाता है।

---

# 17 केसों में अपराध स्वीकार कर चुके दोषी

### जिले में 22 चिन्हित अपराध के मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एडीसी राहुल मोदी ने कहा कि जिले में चिन्हित अपराधों के मामले में जिला न्यायवादी पीड़ित की पैरवी कर उन्हें कोर्ट में न्याय दिलवाने का काम करे। इन मामलों में पुलिस विभाग की टीमें दोषियों को गिरफ्तार करने में तत्परता दिखाए। दोषी को उसके किए गए अपराध की सजा अवश्य मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चिन्हित अपराध में गंभीर किस्म की आपराधिक घटनाओं को शामिल किया जाता है। इनमें जिला न्यायवादी व पुलिस विभाग दोषियों को सजा दिलाने किसी प्रकार की कोताही न बरते। जिला न्यायवादी हरपाल सिंह ने बताया कि वर्तमान में 22 चिन्हित अपराध के मामले जिला में पाए गए हैं, जिनमें से 17 मामलों में दोषी अपना अपराध स्वीकार कर चुके हैं। एक मामले में जल्दी ही न्यायालय का फैसला आने वाला है। बाकी चार में पुलिस की कार्रवाई जारी है। बैठक में श्रम विभाग के कार्य की भी समीक्षा की गई। विभाग के श्रम निरीक्षक राजबीर सिंह ने बताया कि एनसीपीसीआर पोर्टल से मिली जानकारी के अनुसार 70 बच्चों को दुकानदारों से छुड़वाया गया है।

---

# चरवाहे के जोहड़ में डूबने की सूचना, तलाशने के लिए बुलाए गोताखोर, मशक्कत के बाद भी नहीं मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल





रेवाड़ी। रसियावास रेलवे फाटक के पास स्थित जोहड़, चरवाहे के डूबने की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड। फोटो :हरिभूमि

रसियावास रेलवे फाटक के पास जोहड़ में एक चरवाहे के डूबने की सूचना से असमंजस की स्थिति बनी रही। चरवाहा सोमवार को शाम के समय जोहड़ के पास देखा गया था। दो बकरियां भी जोहड़ में बनी दलदल में फंस गई थीं। पुलिस ने फायर ब्रिगेड व गोताखोर बुलाकर जोहड़ में चरवाहे की तलाश शुरू की, लेकिन शाम तक उसका कोई पता नहीं चल पाया था। चरवाहा घर से लापता होने के कारण उसके जोहड़ में डूबने की आशंका बढ़ गई।

कस्बा निवासी लगभग 40 वर्षीय राजू बकरियां चराता है। बताया जा रहा है कि सोमवार को शाम के समय उसकी चार बकरियां जोहड़ में उतर गई थीं। दो बकरियों को जेसीबी की मदद से बाहर निकाल लिया गया, जबकि दो जोहड़ की दलदल में फंस गई। शाम के समय राजू को लोगों ने जोहड़ के पास ही देखा था। इसी दौरान पुलिस को युवक के जोहड़ में डूबने की सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद एसएचओ संजय कुमार मौके पर पहुंच गए।

फायर ब्रिगेड व एंबुलेंस को भी जोहड़ पर बुला लिया गया। गोताखोरों की मदद से जोहड़ में तलाश शुरू की गई, परंतु शाम तक जोहड़ से कुछ भी नहीं मिला। जोहड़ में कूड़ा और दलदल होने के कारण तलाश करने के कार्य में बाधा आ रही थी। बाहर से गोताखोर बुलाने का निर्णय लिया गया।

#### घर से गायब रहने के कारण बढ़ी आशंका

एसएचओ संजय कुमार ने बताया कि राजू को जोहड़ में उतरते हुए किसी ने नहीं देखा। उसे जोहड़ के पास घूमते हुए जरूर देखा गया था। चूंकि वह सोमवार से ही घर से गायब है, इसलिए जोहड़ में डूबने की आशंका से तलाश शुरू की गई है। तालाब में गंदगी होने के कारण तलाश करने के कार्य में भी बाधा आ रही है। बाहर से गोताखोर बुलाए गए हैं, जो जोहड़ में तलाश करेंगे।

---

# एचटेट परीक्षा की तैयारियां पूरी, परीक्षा केंद्रों के आसपास 200 मीटर में धारा 163 लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



एडीसी राहुल मोद

- परीक्षा केंद्रों के बाहर पुलिस बल का कड़ा पहरा रहेगा

हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा यानि एचटेट के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन के लिए सभी 41 परीक्षा केंद्रों के आसपास दो सौ मीटर के दायरे में धारा 163 लगा दी गई है। एडीसी राहुल मोदी ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत इस संदर्भ में आदेश जारी कर दिए गए हैं। एडीसी मोदी ने बताया कि एचटेट की परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। सभी परीक्षा केंद्रों के बाहर पुलिस बल का कड़ा पहरा रहेगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों के आसपास फोटोस्टेट की दुकानें बंद रहेगी। परीक्षार्थी के अलावा किसी बाहरी तत्व को सेंटर के समीप खड़ा होने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सीईटी की तरह इस परीक्षा का भी 30 व 31 जुलाई को सुचारू रूप से संचालन कराया जाएगा। जिले में स्थापित किए गए 41 परीक्षा केंद्रों पर दोनों दिनों के तीन सत्रों के दौरान कुल 24 हजार 618 अभ्यार्थियों के लिए एचटेट की परीक्षा देंगे। पहले दिन 30 जुलाई को 3 बजे से साढ़े 50 बजे तक पीजीटी की पात्रता परीक्षा होगी, जिसमें 7 हजार 444 अभ्यार्थी भाग लेंगे। इसी प्रकार 31 जुलाई को सुबह के सत्र में 10 से 12.30 बजे तक टीजीटी की परीक्षा होगी, जिसमें 12 हजार 296 परीक्षार्थी आएंगे। इसी दिन शाम को 3 से 5.30 बजे तक होने वाली पीआरटी की परीक्षा में 4 हजार 878 अभ्यार्थी परीक्षा देंगे। एडीसी ने बताया कि एचटेट परीक्षा के लगाए सभी 41 ड्यूटी मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए गए हैं कि जिस परीक्षार्थी के पास एडमिट कार्ड है, उसको सेंटर के अंदर प्रवेश करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। हाजिरी व परीक्षार्थी की प्रारंभिक जांच का कार्य व्यवस्थित होना चाहिए। समय-समय पर शिक्षा बोर्ड के फ्लाइंग स्क्वॉड भी इन परीक्षा केंद्रों का दौरा करेंगे।

---

# अवैध खनन करने वालों पर होगी कानूनी कार्रवाई: एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एडीसी राहुल मोदी ने कहा कि जिले में निर्माण सामग्री के लिए कहीं भी अवैध खनन होता पाया गया तो दोषी व्यक्ति के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एडीसी मंगलवार को खनन विभाग की बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि कहीं भी अवैध माइनिंग की जा रही है तो खनन विभाग उस मामले में तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करते हुए माइनिंग को बंद कराए। अरावली की पहाड़ियों पर विशेष निगरानी रखी जाए कि कहीं कोई पत्थर की खुदाई तो नहीं कर रहा है। इसी प्रकार मिट्टी की परमिशन वाली साइटों पर सरकार के नियम अनुसार खुदाई होनी चाहिए। खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि फिलहाल जिले में 55 साइटों पर मिट्टी खनन के परमिट दिए गए हैं। विभाग ने भाड़ावास, फतेहपुरी व जलालपुर में दो ट्रैक्टर व एक जेसीबी मशीन को जब्त कर उनसे एक लाख 89 हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया है।

---

### मौसम में बार-बार परिवर्तन देखने को मिल रहा, आज हल्की से मध्यम बरसात के आसार

# बूंदाबांदी से साढ़े तीन डिग्री गिरा पारा, गर्मी से राहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। एक खेत में खड़ी बाजरे की फसल। फोटो :हरिभूमि

मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिल रहा है। अलग-अलग एरिया में टुकड़ों में हल्की बारिश और बूंदाबांदी हो रही है, लेकिन तेज बरसात का इंतजार खत्म नहीं हो रहा है। इस सप्ताह मौसम इसी तरह का बना रहने की संभावना है। 30 जुलाई को हल्की से मध्यम बरसात की संभावना जताई जा रही है।लगातार दो दिन से अलग-अलग इलाकों में हल्की बरसात और बूंदाबांदी हो रही है। इससे मंगलवार को अधिकतम तापमान साढे 3 डिग्री सेल्सियस गिरकर 32.0 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान भी 3.0 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 21.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 88 फीसदी तक पहुंच गया, जबकि हवाओं की गति 10 किमी प्रति घंटा रही। तापमान में गिरावट के बावजूद मंगलवार को भारी उमस बनी रही, जिससे लोगों के पसीने नहीं सूखे। आसमान में बादल छाए रहे, परंतु गर्मी का कहर बरकरार रहा। अन्य दिनों की अपेक्षा बादलों के बीच भारी गर्मी ने लोगों को जमकर परेशान किया।

कूलरों की हवा से भी गर्मी का असर कम नहीं हुआ। शाम तक आसमान में बादल गहराए रहे, जिससे बरसात की संभावना बनी हुई थी। मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। बुधवार को बादलों के बीच हल्की या मध्यम बारिश हो सकती है। तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहेगा।


#### फसलों पर कीटों के हमले की आशंका

मौसम लगातार चिपचिपा बना रहने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। इससे कपास की फसल पर सुंडी रोग का खतरा मंडराने लगा है। कृषि अधिकारियों ने खेतों में जाकर फसलों का निरीक्षण शुरू कर दिया है, ताकि कीटों का प्रकोप सामने आते ही फसल उपचार कराया जा सके। मंगलवार को भी कृषि अधिकारियों की टीमों ने कपास के खेतों में जाकर फसलों का मुआयना किया। बाजरे की फसल पर भी नजर रखी जा रही है। मक्खी-मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से फसलों पर कीटों का हमला हो सकता है। अभी तक दोनों ही फसलों में रोग के लक्षण सामने नहीं आए हैं, लेकिन मौसम इसी तरह बना रहने की स्थिति में कीट हमला कर सकते हैं।

---

### ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग व्यक्ति की मौत

**कोसली।** कोसली से रेवाड़ी रेल लाइन पर भूरथला फाटक के समीप मंगलवार प्रातः भिवानी से रेवाड़ी जाने वाली सवारी गाड़ी की चपेट में आने से एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। रेलगाड़ी के ड्राइवर ने घटना की सूचना कोसली स्टेशन मास्टर को दी। सूचना के बाद चरखी दादरी राजकीय रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा आस पास के लोगों को मौके पर बुला कर शव को दिखाया गया। मृतक की पहचान 54 वर्षीय हुकम सिंह निवासी माता मोहल्ला कोसली के रूप में हुई, जिसके बाद मृतक के परिजनों को बुलाया गया। जीआरपी की जांच अधिकारी अनिता ने बताया कि परिजनों के अनुसार मृतक दिमागी रूप से परेशान था। वह रेल लाइन के समीप कैसे आए,उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। पुलिस ने मृतक के शव का कोसली अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।



# फराह को मिला अमिताभ के हाथों से लिखा लेटर

**मुंबई।** बॉलीवुड निर्माता-निर्देशक और प्रसिद्ध कोरियोग्राफर फराह खान ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक शानदार वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में फराह ने अमिताभ बच्चन के हाथों से लिखा एक लेटर दिखाया, जो उन्हीं के लिए आया है। यह सब तब शुरू हुआ जब फराह, अभिनेत्री राधिका मदान के घर एक व्लॉग की शूटिंग के लिए गईं। वहां उन्होंने राधिका के पास अमिताभ बच्चन का एक फ्रेम किया हुआ हाथों से लिखा पत्र देखा, जिसे देखने के बाद उन्होंने बिग बी से ऐसे ही लेटर की ख्वाहिश जताई थी। फराह को लेटर भेजकर बिग बी ने उनकी यह अधूरी ख्वाहिश पूरी भी कर दी है।

लाइफ Style



# भूमि

## हर किसी की होती है अपनी पसंद

एजेंसी ⏭ मुंबई

इंडस्ट्री में फिलर्स, बोटोक्स और सर्जरी को लेकर अक्सर बहस होती है। सितारों को इसे लेकर आलोचनाएं भी झेलनी पड़ी हैं। अभिनेत्री भूमि पेडनेकर पर भी सोशल मीडिया पर तमाम यूजर्स ने कॉस्मेटिक सर्जरी करवाने का आरोप लगाए हैं।

हाल ही में सीरीज द रॉयल्स में उनकी उपस्थिति ने आग में घी डालने का काम किया और इंटरनेट यूजर्स ने कथित बोटोक्स और फिलर्स के लिए भूमि को ट्रोल किया। हाल ही में अभिनेत्री ने इस पर चुप्पी तोड़ी है। भूमि पेडनेकर ने कहा, 'मुझे लगता है कि हर किसी की अपनी पसंद होती है। हम ऐसे समय में जी रहे हैं, जहां लोगों को अपनी पसंद खुद चुननी चाहिए। मैं कोई नहीं होती, जो लोगों की पसंद पर अपनी कोई राय बना सकूं'।

उन्होंने आगे अपनी डाइट पर चर्चा की। देसी घी उनके नियमित खाने में शामिल होता है। लोग इससे बहुत डरते हैं, लेकिन मेरे खाने में एक चीज जरूर शामिल है और वह है वसा। मैं अपने खाने में घी बहुत ज्यादा लेती हूं। बस फर्क इतना है कि मैं घी में खाना नहीं बनाती। मैं इसे खाने के ऊपर डालकर खाती हूं। इसे अपनी रोटी पर या इडली में डालकर खाएं, यह आपकी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। इससे पहले भूमि अपनी स्किनकेयर से जुड़े टिप्स भी शेयर कर चुकी हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि वे क्लींजिंग, टोनिंग और मॉइस्चराइजिंग (सीटीएम फॉर्मूला) पर भरोसा करती हैं। भले ही उनका शेड्यूल बहुत बिजी हो, वे इसे कभी नहीं छोड़तीं।

## हॉलीवुड मसाला




# अवतार-3 का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सबसे मशहूर फिल्मों में से एक अवतार के तीसरे पार्ट अवतार 3 का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म अवतार का पहला हिस्सा अवतार के नाम से, दूसरा हिस्सा अवतारः द वे ऑफ वाटर के नाम से रिलीज किया गया था। अवतार के तीसरे हिस्से का नाम 'अवतारः फायर एंड ऐश' है। अवतार 3 का बजट तकरीबन 2100 करोड़ रुपए है। फिल्म को 19 दिसंबर को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज किया जाएगा। अवतार 3 के ट्रेलर में पेंडोरा की खूबसूरत दुनिया दिखाई गई है। यहां अलग तरह के जीव उड़ते हुए दिखाई देते हैं।




# द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप की धीमी हुई रफ्तार

**मुंबई।** मावर्ल स्टूडियोज की हॉलीवुड फिल्म 'द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप'ने 5.1 करोड़ रुपए के शानदार कलेक्शन से अपना खाता खोला था। वहीं, चौथे दिन सोमवार को 2 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। वीकएंड पर यह फिल्म अच्छा-खासा कलेक्शन करने में कामयाब रही। वहीं, सोमवार को इसकी कमाई की रफ्तार धीमी हो गई। अमूमन ऐसा होता है कि वीकएंड के बाद फिल्मों की कमाई कम होती है। इस फिल्म ने शनिवार को 7.35 करोड़ रुपए और रविवार को भी 7.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। फिल्म का कुल कलेक्शन अब तक 22.10 करोड़ रुपए हो चुका है। द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप में चार एस्ट्रोनॉट्स की कहानी है, जो एक स्पेस मिशन में हादसे का शिकार होते हैं और फिर सुपरहीरो बन जाते हैं। वह अपनी सुपरपावर से लोगों की जान बचाते हैं।



# आर माधवन के साथ शेयर की तस्वीरें


**मुंबई।** अभिनेत्री फातिमा सना शेख अपनी फिल्म 'आप जैसा कोई' को लेकर सुर्खियों में हैं। फातिमा सना शेख लगातार इसका प्रचार कर रही हैं। ऐसे में अब अभिनेत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 'आप जैसा कोई' की बीटीएस तस्वीरें शेयर कीं हैं और एक नोट लिखा है। उन्होंने अपने सह-कलाकार की तारीफ की है। आर माधवन के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए फातिमा सना शेख ने पोस्ट में लिखा है 'मेरे सबसे पसंदीदा सह-कलाकार। इस पूरे शूट को बहुत आसान बनाने के लिए शुक्रिया। उसके लिए भी शुक्रिया कि आपने हमें हर रोज अम्मा का सांभर मसाला खिलाया और फिलटर कॉफी पिलाई। गुलाब जामुन खिलाने के लिए भी शुक्रिया। आर माधवन आप बहुत अच्छे इंसान हैं।' फातिमा सना शेख की फिल्म 'आप जैसा कोई' 11 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई।



# भक्तों को फ्री में दिखाई महावतार नरसिम्हा

**मुंबई।** एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा ने हाल ही में सिनेमाघरों में दस्तक दी है। 25 जुलाई को रिलीज हुई माइथोलॉजिकल एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा ने अब तक बॉक्स ऑफिस पर अच्छा खासा प्रदर्शन किया है। ये फिल्म दर्शकों को भगवान विष्णु के अवतार की कथा दर्शाती है। बस इसी के चलते अब इस्कॉन की तरफ से फिल्म को ज्यादा से ज्यादा भक्तों तक पहुंचाने के लिए बड़ी पहल की गई है। इस्कॉन सिलीगुड़ी ने फिल्म को ज्यादा से ज्यादा लोगों को दिखाने के लिए खास इंतजाम किया है। संस्था ने पूरे सिनेमा हॉल को बुक कर अपने भक्तों के लिए एक विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया। इस्कॉन के प्रवक्ता नाम कृष्ण दास ने बताया कि ये फिल्म केवल एक मनोरंजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति का एक जीवंत संदेश है।

## टीवी मसाला



# अनुपमा ने तुलसी के साथ मिलाया हाथ, ट्रोल्स को दिया मुंहतोड़ जवाब

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलिविजन इतिहास की सबसे चहेती बहू तुलसी वीरानी की जब से वापसी का ऐलान हुआ है, तभी से ही 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के पुराने दर्शक बेसब्री से शो का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, शो के दूसरे सीजन के पहले प्रोमो के बाद से ही लोग अनुपमा को भी लगातार निशाना बना रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से ऐसा कहा जा रहा है कि रुपाली गांगुली के शो के मेकर्स को अपनी कुर्सी को लेकर खतरा महसूस होने लगा है। हालांकि चैनल के ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक वीडियो ने सभी अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया। वीडियो में रुपाली गांगुली, जो अनुपमा की भूमिका में हैं, स्मृति ईरानी उर्फ तुलसी से वीडियो कॉल के जरिए जुड़ती हैं और उन्हें स्टार परिवार में दोबारा स्वागत करती हैं। दोनों अभिनेत्रियां एक-दूसरे से बेहद प्यार भरे ढंग से बात करती नजर आती हैं। अनुपमा रात 10 बजे और क्योंकि 2 रात 10:30 बजे प्रसारित होगा। इस वीडियो को देखने के बाद से ही अब ऐसा लग रहा है कि टीवी की ये दोनों बहुएं एक दूसरे के साथ मिलकर काफी खुश हुई हैं। शो की निर्माता एकता कपूर ने भी इस मामले पर अपनी राय रखते हुए कहा कि ऐसी अफवाहें अनुपमा की लोकप्रियता को कम करने की कोशिश महज हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि रुपाली गांगुली एक बेहतरीन कलाकार हैं और अनुपमा ने पिछले सात वर्षों में जो मुकाम हासिल किया है, वो बेमिसाल है।

## बिग बॉस 19 का हिस्सा नहीं होंगी मल्लिका

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड स्टार सलमान खान द्वारा होस्ट किया जाने वाला बिग बॉस भारत के सबसे पसंदीदा रियलिटी शो में से एक है। यह शो अपने 19वें सीजन के साथ वापस आ गया है और इसमें भाग लेने के लिए किन हस्तियों से संपर्क किया गया है, इस बारे में पहले से ही अटकलें लगाई जा रही हैं। इस बीच ये भी खबरें आईं कि बॉलीवुड अभिनेत्री मल्लिका शेरावत भी बिग बॉस 19 में नजर आएंगी। अब शो में हिस्सा लेने पर एक्ट्रेस ने चुप्पी तोड़ी है और सारी सच्चाई बताई है।



एक्ट्रेस ने बिग बॉस से जुड़ी चर्चाओं को खारिज करते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए मैं बिग बॉस नहीं कर रही हू और कभी नहीं करूंगी। धन्यवाद। मल्लिका इससे पहले बिग बॉस 18 के दौरान अपनी फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो के प्रमोशन के लिए एक गेस्ट के तौर पर शो में आई थीं। हाल ही में बिग बॉस के निर्माताओं ने एक प्रोमो वीडियो के साथ शो के 19वें सीजन की घोषणा की।

# हॉलीवुड के इन अभिनेताओं ने बॉलीवुड में किया काम

**मुंबई।** बॉलीवुड के कई कलाकार ऐसे हैं जो बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर तय कर चुके हैं। ऐसे ही कई हॉलीवुड कलाकार हैं जिन्होंने बॉलीवुड की फिल्मों में काम किया। इन कलाकारों ने अपनी अदाकारी से बॉलीवुड में पहचान बना ली है।

**रे स्टीवेंसन - आरआरआर** : साल 2022 में रिलीज हुई एसएस राजामौली की फिल्म 'आरआरआर' काफी मशहूर रही। इसमें भारत के लोगों का ब्रिटिश अधिकारियों के साथ संघर्ष दिखाया गया है। रे स्टीवेंसन ने फिल्म में गर्वनर स्कॉट का दमदार रोल निभाया था। रे स्टीवेंसन ने हॉलीवुड की फिल्मों 'कोल्ड स्किन', 'बिग गेम' और 'थोर' में काम किया है।

**बेन किंग्सले - तीन पत्ती** : फिल्म तीन पत्ती साल 2010 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, आर माधवन और कई अभिनेताओं समेत हॉलीवुड के अभिनेता बेन किंग्सले ने भी अदाकारी की थी। उन्होंने हॉलीवुड की फिल्म गांधी, आयरन मैन 3 और ऑपरेशन फिनाले में काम किया है।

**सिल्वेस्टर स्टेलोन - कंबख्त इश्क** : अक्षय कुमार और करीना कपूर की अदाकारी वाली फिल्म 'कंबख्त इश्क' साल 2009 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में हॉलीवुड के अभिनेता सिल्वेस्टर स्टेलोन ने अभिनय किया है। 1946 को जन्मे अभिनेता ने हॉलीवुड की फिल्म क्रीड, रॉकी और फर्स्ट ब्लड में काम किया है।



**क्लाइव स्टेंडेन - नमस्ते लंदन** : अक्षय कुमार और कैटरीना कैफ की फिल्म नमस्ते लंदन साल 2007 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अक्षय कुमार देसी व्यक्ति बने हैं तो कैटरीना कैफ भारतीय मूल की विदेशी लड़की बनी हैं। इस फिल्म में क्लाइव स्टेंडेन ने अहम किरदार निभाया है। वह फिल्म में कैटरीना कैफ के बॉयफ्रेंड बनें हैं। उन्होंने हॉलीवुड फिल्मों क्लियर कट, ऐवरेस्ट और पजेशन में काम किया है।

# वो मल्टी-स्टार ब्लॉकबस्टर फिल्म जो छह अवॉर्ड्स जीतकर बनी कल्ट

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में अब भले ही दमदार कहानी वाली फिल्में कम ही देखने को मिलती हों, लेकिन एक वक्त था, जब हिंदी सिनेमा ने एक से बढ़कर हिट और कल्ट फिल्में रिलीज हुआ करती थीं। साल 1965 में तो एक ऐसी फिल्म ने सिनेमाघरों में दस्तक दी, जिसने हिंदी सिनेमा में मल्टी-स्टारर फिल्मों का चलन शुरू किया। इस फिल्म ने रिलीज होते ही मेकर्स को मालामाल कर दिया था। साल 1965 में आई इस फिल्म में बलराज साहनी ने लीड रोल निभाया था। फिल्म में दिखाई गई अमीर से गरीब बनने की कहानी को लोगों ने काफी पसंद किया था।इतना ही नहीं, फिल्म की सफलता का कारण इसकी मजबूत कहानी, बेहतरीन एक्टिंग और फिल्म की जान उसका संगीत था। समीक्षकों ने भी इस फिल्म की जमकर सराहना की थी। फिल्म की कहानी और गानों की तो लोग आज भी मिसाल देते हैं।*

## 70 लाख बजट, 6 करोड़ कमाई

साल 1965 में रिलीज हुई इस फिल्म का नाम है 'वक्त'। फिल्म ने रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। फिल्म को लोगों ने इतना पसंद किया था कि फिल्म ऑल-टाइम ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी इस फिल्म को 70 लाख के बजट में तैयार किया गया था। फिल्म ने उस दौर में बॉक्स ऑफिस पर 6 करोड़ रुपए की धमाकेदार कमाई की थी। फिल्म की इतनी शानदार कमाई उस दौर के हिसाब से एक बड़ा रिकॉर्ड था। यह फिल्म अपने समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक थी।



## फिल्म ने रच दिया था इतिहास

साल 1965 में आई वक्त में राजकुमार भी नजर आए थे। फिल्म में पहले ये किरदार धर्मेंद्र को ऑफर हुआ था। वहीं, इस रोल के लिए मेकर्स की पहली पसंद थे, लेकिन धर्मेंद्र ने फिल्म में बड़े भाई की भूमिका अदा करने से इनकार कर दिया था। उनकी इस नादानी की वजह से उनके हाथ से एक वक्त जैसी ऐसी फिल्म निकल गई थी, जिसने कई अवॉर्ड जीते। फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में बेस्ट को-स्टार बेस्ट कहानी और बेस्ट गाने जैसे इस फिल्म को कई अवॉर्ड मिले थे। इस फिल्म ने फिल्मफेयर में 6 अवॉर्ड्स हासिल किए थे। आज भी लोग इस फिल्म को देखना पसंद करते हैं।

***रईस आदमी झेलता है गरीबी*** : बता दें कि साल 1965 में रिलीज हुई बलराना साहनी की इस फिल्म में जिस तरह रईस आदमी गरीबी झेलता है, ये देख लोग थिएटर में फूट फूटकर रोए थे कि वक्त को कुछ पता नहीं, कब किसकी जिंदगी कैसे बदल जाए।यह फिल्म आज भी क्लासिक सिनेमा के लिए शानदार उदाहरण है और हर पीढ़ी के लोग इसे देखना पसंद करते हैं।

## कुछ की कहानी पिछली फिल्म से जुड़ी हुई, तो कुछ का है सिर्फ नाम का लेना-देना

# अगस्त में आएगी सीक्वल्स की बहार, दर्शकों पर चलेगा इनका जादू!

*नई दिल्ली। अगले महीने हिंदी सिनेमा की चार बड़ी फिल्में रिलीज होने जा रही हैं। ये फिल्में हैं वॉर 2, सन ऑफ सरदार 2, धड़क 2 और अंदाज 2। ये सभी सीक्वल हैं। कुछ की कहानी पिछली फिल्म से जुड़ी हुई है तो कुछ का सिर्फ नाम का लेना-देना है। अगस्त महीने में एक के बाद एक रिलीज होने जा रहीं चार सीक्वल फिल्मों को देखते हुए हर किसी के मन में एक सवाल तो बनता है। क्या ऐसे सीक्वल्स दर्शकों के दिल में उतरते हैं या यह सिर्फ एक सुरक्षित ट्रेड फॉर्मूला बन चुका है?*

### फिल्म का नाम देखकर टिकट नहीं बिकती: सुमित काडेल

इस बारे में सुमित काडेल ने अपनी राय देते हुए कहा, 'सीक्वल का ट्रेंड नया नहीं है। मुन्ना भाई, धूम, हेरा फेरी, कृष और वेलकम जैसी फिल्मों की अगली कड़ियां पहले भी दर्शकों को पसंद आई हैं, लेकिन हर फिल्म को यह सौभाग्य नहीं मिलता। एक सीक्वल तभी काम करता है, जब उसकी पहली किस्त दर्शकों की यादों में गहराई से बसी हो। अगर ऐसा जुड़ाव नहीं है, तो केवल नाम या ब्रांड से कोई फिल्म नहीं चलती। आज का ऑडियंस समझदार है; वो सिर्फ टाइटल देखकर टिकट नहीं खरीदते।

### धड़क 2 और सन ऑफ सरदार 2 में से सफल कौन?

सुमित का मानना है कि धड़क 2 और सन ऑफ सरदार 2 की सफलता को लेकर संशय है। उनका कहना है, धड़क को थिएटर में सीमित प्रतिक्रिया मिली थी। फिल्म ने असली लोकप्रियता टीवी और ओटीटी पर पाई थी। अब इसका सीक्वल नए डायरेक्टर और नई कास्ट के साथ आ रहा है, जिससे इसकी स्टार वैल्यू कमजोर है वहीं, सन ऑफ सरदार का पहला भाग ही औसत था, जिसे ऑडियंस ने खास पसंद नहीं किया। ऐसे में इसका सीक्वल बनाना एक जबरदस्ती का फैसला लगता है, न कि ऑडियंस के लिए का।




**नई फिल्म यानी नया जोखिम** : अतुल आगे कहते हैं, 'नई फिल्म बनाना ऐसा होता है जैसे कोई नई दुनिया तैयार करना, जिसमें काफी जोखिम होता है। वहीं, फ्रेंचाइजी फिल्में पहले से आजमाई हुई होती हैं, जिस पर निवेशक और अभिनेता दोनों को भरोसा होता है। यही वजह है कि ज्यादातर मेकर्स इस फॉर्मूले को सुरक्षित मानते हैं। हालांकि, जो क्रिएटिव है वो रिस्क लेने से नहीं डरते।'

### सीक्वल से बना भरोसा, मगर सबके लिए नहीं: अतुल मोहन

सीक्वल्स की सफलता और उस पर बढ़ती निर्भरता पर बात करते हुए ट्रेड एक्सपर्ट अतुल मोहन कहते हैं, 'इस बात में कोई दो राय नहीं कि कई फिल्मों के सीक्वल्स ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया है। जब कोई फिल्म हिट होती है, तो उसके साथ एक ब्रांड बन जाता है और ऑडियंस को यह अंदाजा होता है कि उन्हें क्या देखने को मिलेगा। हालांकि, अब माहौल बदल गया है। आजकल अभिनेता उन्हीं चीजों से जुड़े रहना चाहते हैं जो पहले काम कर चुकी हैं, ताकि उनके करियर पर बुरा असर न पड़े।'

### *अंदाज 2 नाम वही कहानी बिल्कुल नई- सुनील दर्शन*

*सुनील मानते हैं कि अंदाज 2 एक नई कहानी है, जो पहली फिल्म के इमोशंस को नए ढंग से दिखाती है। उन्होंने कहा, मेरी फिल्म एक फ्रेश और ओरिजिनल स्क्रिप्ट पर आधारित है। इसे अंदाज का सीधा सीक्वल नहीं, बल्कि उसी एहसास को नए तरीके से पेश करने वाली एक ताजा कहानी कहा जा सकता है। मैंने उस फिल्म की स्पिरिट को कैरी किया है, जैसे ट्रायंगल लव स्टोरी, कुछ पुराने जज्बात। यह फिल्म पूरी तरह से नई है और सिर्फ फिल्म के पुराने नाम से इसे जोड़ना मेरा उद्देश्य नहीं था। मैं नाम के सहारे फिल्म नहीं बनाता। जरूरी है कि फिल्म का नाम और कहानी एक-दूसरे से मेल खाते हों।*

## खबर संक्षेप

### अभाविप चलाएगी सदस्यता अभियान

**रेवाड़ी** । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिले में युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए आगामी 1 अगस्त से विशाल सदस्यता अभियान शुरू करने जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत 10000 नए सदस्य बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया है।
जिला संयोजक तरुण यादव ने बताया कि सदस्यता अभियान रेवाड़ी जिले के विद्यालयों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, ग्रामीण अंचलों एवं शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया जाएगा। जिला प्रमुख संजय शर्मा ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए जिले की पूरी टीम सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज का युवा देश का भविष्य है और उसे सही दिशा देने में छात्र संगठनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

### 11,500 नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य

**महेंद्रगढ़**। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का सदस्यता अभियान एक अगस्त से शुरू होगा। इस बार जिले में 11,500 नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। जिला संयोजक कमल रोहिल्ला ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी), जो विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। आगामी एक अगस्त से हरियाणा प्रांत में अपना वार्षिक सदस्यता अभियान आरंभ करने जा रहा है। यह अभियान तीन चरणों में संपूर्ण राज्यभर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय एवं व्यावसायिक शिक्षण संस्थानों के लाखों छात्र-छात्राओं को जोड़ा जाएगा।

### कलाकार एक अगस्त से करेंगे पूर्वाभ्यास

**महेंद्रगढ़**। शहर की सब्जी मंडी के नजदीक स्थित श्री आदर्श रामलीला कमेटी के भव्य रंगमंच पर कार्यकर्ता व कलाकारों के द्वारा पूर्वाभ्यास एक अगस्त से श्री आदर्श रामलीला कमेटी के रंगमंच पर किया जाएगा। कमेटी प्रधान एडवोकेट सुरेंद्र बंटी व कलाकार प्रधान सुरेश गोस्वामी ने बताया कि श्री आदर्श रामलीला कमेटी के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान श्रीराम की मानवीय लीलाओं का मंचन बड़ी धूमधाम एवं हर्ष पूर्वक इस वर्ष भी किया जाएगा। जिसके लिए कमेटी के सभी सदस्य, कार्यकर्ता एवं कलाकार हर साल इंतजार करते हैं।

### रेलवे ने एक अगस्त से सितंबर के पहले सप्ताह तक दी सुविधा

# यात्रियों की सुविधा के लिए 42 जोड़ी ट्रेनों में डिब्बों की बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रेलवे की ओर से अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए 46 जोड़ी रेलसेवाओं में विभिन्न श्रेणी के 121 डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ शशि किरण ने बताया कि आगामी रक्षाबंधन व अन्य त्योहार को लेकर रेलवे की ओर से सुविधा दी जा रही है। गाड़ी संख्या 22471/22472 बीकानेर-दिल्ली सराय-बीकानेर रेलसेवा में बीकानेर से 1 अगस्त से 31 अगस्त तक तथा दिल्ली सराय से 3 अगस्त से 2 सितंबर तक 1 सैकेंड एसी व 2 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। गाड़ी संख्या 20473/20474 दिल्ली सराय-उदयपुर सिटी-दिल्ली सराय रेलसेवा में दिल्ली सराय से दिनांक 1 अगस्त से 31 अगस्त तक तथा उदयपुर सिटी से 2 अगस्त से 1 सितंबर तक 1 सैकेंड एसी व 2 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बों, गाडी संख्या 14707/14708, बीकानेर-दादर-बीकानेर रेलसेवा में बीकानेर से 1 अगस्त से 31 अगस्त तक एवं दादर से 2 अगस्त से 1 सितंबर तक तक 1 थर्ड एसी डिब्बे, गाड़ी संख्या 12991/12992 उदयपुर सिटी-जयपुर-उदयपुर सिटी रेलसेवा में 1 अगस्त से 31 अगस्त तक तक 2 द्वितीय कुर्सीयान व 1 साधारण श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 22977/22978 जयपुर-जोधपुर-जयपुर रेलसेवा में 1 अगस्त से 31 अगस्त तक तक 1 थर्ड एसी व 1 फर्स्ट मय सैकेंड एसी श्रेणी डिब्बे बढ़ाए हैं। गाड़ी संख्या 19611/19614 अजमेर-अमृतसर-अजमेर रेलसेवा में अजमेर से 2 अगस्त से 30 अगस्त तक तथा अमृतसर से 3 अगस्त से 31 अगस्त तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 19613/19612 अजमेर-अमृतसर-अजमेर रेलसेवा में अजमेर से 2 अगस्त से 30 अगस्त तक तथा अमृतसर से 3 अगस्त से 31 अगस्त तक तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 19608/19607 मदार-कोलकाता-मदार एक्सप्रेस में मदार से 4 अगस्त से 25 अगस्त तक एवं कोलकाता से 7 अगस्त से 28 अगस्त तक 1 सैकेंड एसी श्रेणी डिब्बे बढ़ाए। गाड़ी संख्या 12065/12066 अजमेर-दिल्ली सराय रोहिल्ला-अजमेर रेलसेवा में 1 अगस्त से 30 अगस्त तक 1 वातानुकुलित कुर्सीयान व 1 द्वितीय कुर्सीयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 19701/19702 जयपुर-दिल्ली कैंट-जयपुर रेलसेवा में जयपुर से 1 अगस्त से 31 अगस्त तक तथा दिल्ली कैंट से 3 अगस्त से 2 सितंबर तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 20409/20410 दिल्ली कैंट-बठिण्डा-दिल्ली कैंट रेलसेवा में 2 अगस्त से 1 सितंबर तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 14801/14802 जोधपुर-इंदौर-जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से 1 अगस्त से 31 अगस्त तक एवं इंदौर से 4 अगस्त से 3 सितंबर तक 3 द्वितीय शयनयान व 2 साधारण श्रेणी डिब्बों बढ़ाए हैं।

गाड़ी संख्या 12465/12466 इंदौर-भगत की कोठी-इंदौर रेलसेवा में इंदौर से 2 अगस्त से 1 सितंबर तक एवं भगत की कोठी से 3 अगस्त से 2 सितंबर तक 3 द्वितीय शयनयान व 2 साधारण श्रेणी डिब्बों, गाड़ी संख्या 14854/14853 जोधपुर-वाराणसी सिटी-जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से 1 अगस्त से 31 अगस्त तक तथा वाराणसी सिटी से 2 अगस्त से 1 सितंबर तक 1 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 14864/14863 जोधपुर-वाराणसी सिटी -जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से 1 अगस्त से 31 अगस्त तक तथा वाराणसी सिटी से 2 अगस्त से 1 सितंबर तक 1 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे तथा गाड़ी संख्या 14866/14865 जोधपुर-वाराणसी सिटी-जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से 1 अगस्त से 31 अगस्त तक तथा वाराणसी सिटी से 2 अगस्त से 1 सितंबर तक 1 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।

## मदार-रेवाड़ी-मदार रेलसेवा

गाड़ी संख्या 54766/54765 बठिण्डा-धुरी-बठिण्डा एक्सप्रेस रेलसेवा में 1 अगस्त से 31 अगस्त तक 5 साधारण श्रेणी डिब्बों, गाड़ी संख्या 20475/20476 बीकानेर-मिरज-बीकानेर रेलसेवा में बीकानेर से 4 अगस्त से 25 अगस्त तक एवं मिरज से 5 अगस्त से 26 अगस्त तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 04711/04712 बीकानेर-बान्द्रा टर्मिनस-बीकानेर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा में बीकानेर से 6 अगस्त से 27 अगस्त तक एवं बान्द्रा टर्मिनस से 7 अगस्त से 28 अगस्त तक 1 द्वितीय शयनयान व 1 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बों, गाड़ी संख्या 22497/22498, श्रीगंगानगर-तिरूच्चिराप्पल्लि- श्रीगंगानगर एक्सप्रेस रेलसेवा श्रीगंगानगर से 4 अगस्त से 25 अगस्त तक एवं तिरूच्चिराप्पल्लि से 8 अगस्त से 29 अगस्त तक 1 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 20481/20482 भगत की कोठी-तिरूच्चिराप्पल्लि-भगत की कोठी एक्सप्रेस रेलसेवा भगत की कोठी से 6 अगस्त से 27 अगस्त तक एवं तिरूच्चिराप्पल्लि से 9 अगस्त से 30 अगस्त तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 12985/12986 जयपुर-दिल्ली सराय-जयपुर डबलडेकर रेलसेवा में 1 अगस्त से 31 अगस्त तक 1 एक्जिक्यूटिव वातानुकूलित कुर्सीयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 12482/12481 श्रीगंगानगर-दिल्ली-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस रेलसेवा में श्रीगंगानगर से 1 अगस्त से 31 अगस्त तक एवं दिल्ली से 2 अगस्त से 1 सितंबर तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 14731/14732 दिल्ली-बठिण्डा-दिल्ली एक्सप्रेस रेलसेवा में दिल्ली से 1 अगस्त से 31 अगस्त तक एवं बठिण्डा से 2 अगस्त से 1 सितंबर तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 04717/04718 हिसार-तिरूपति-हिसार स्पेशल रेलसेवा में हिसार से 2 अगस्त, 9 अगस्त, 23 अगस्त व 30 अगस्त को एवं तिरूपति से 4 अगस्त, 11 अगस्त, 25 अगस्त व 1 सितंबर को 1 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 19617/19618 मदार-रेवाड़ी-मदार रेलसेवा में 1 अगस्त से 31 अगस्त तक 5 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बों, गाड़ी संख्या 19620/19619 रेवाड़ी-



फुलेरा-रेवाड़ी रेलसेवा में 1 अगस्त से 31 अगस्त तक 5 साधारण श्रेणी डिब्बों, गाड़ी संख्या 59632/59631 रेवाड़ी-हिसार-रेवाड़ी रेलसेवा 1 अगस्त से 31 अगस्त तक 5 साधारण श्रेणी डिब्बों, गाड़ी संख्या 19622/19621 रेवाड़ी-फुलेरा-रेवाड़ी रेलसेवा में 1 अगस्त से 31 अगस्त तक 5 साधारण श्रेणी डिब्बों, गाड़ी संख्या 59630/59629 फुलेरा-जयपुर-फुलेरा रेलसेवा में 1 अगस्त से 31 अगस्त तक 5 साधारण श्रेणी डिब्बों तथा गाड़ी संख्या 09635/09636 जयपुर-रेवाड़ी-जयपुर रेलसेवा में 1 अगस्त से 31 अगस्त तक 5 साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।

## बीकानेर-हरिद्वार रेलसेवा

गाड़ी संख्या 20483/20484,भगत की कोठी-दादर-भगत की कोठी रेलसेवा में भगत की कोठी से 4 अगस्त से 28 अगस्त तक एवं दादर से 5 अगस्त से 29 अगस्त तक 3 थर्ड एसी व 2 द्वितीय शयनयान डिब्बों, गाड़ी संख्या 20485/20486 जोधपुर-साबरमती-जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से 1 अगस्त से 31 अगस्त तक एवं साबरमती से 3 अगस्त से 2 सितंबर तक 1 थर्ड एसी व 2 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 20492/20491 साबरमती-जैसलमेर-साबरमती रेलसेवा में साबरमती से 1 अगस्त से 31 अगस्त तक एवं जैसलमेर से 2 अगस्त से 1 सितंबर तक तक 1 थर्ड एसी व 2 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 14717/14718 बीकानेर-हरिद्वार-बीकानेर रेलसेवा में बीकानेर से दिनांक 1 अगस्त से 29 अगस्त तक एवं हरिद्वार से 2 अगस्त से 30 अगस्त तक 1 थर्ड एसी व 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 12988/12987 अजमेर-सियालदाह-अजमेर रेलसेवा में अजमेर से 1 अगस्त से 31 अगस्त तक सियालदाह से 2 अगस्त से 1 सितंबर तक 1 फर्स्ट मय सैकेंड एसी श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 09653/09654 अजमेर-बान्द्रा टर्मिनस-अजमेर स्पेशल रेलसेवा में अजमेर से 2 अगस्त से 30 अगस्त तक एवं बान्द्रा टर्मिनस से 3 अगस्त से 31 अगस्त तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 09627/09628 अजमेर-सोलापुर-अजमेर स्पेशल में अजमेर से 6 अगस्त से 27 अगस्त तक एवं सोलापुर से 7 अगस्त से 28 अगस्त तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 14735/14736 श्रीगंगानगर-अम्बाला-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस रेलसेवा में 1 अगस्त से 31 अगस्त तक 5 साधारण श्रेणी डिब्बों, गाड़ी संख्या 04705/04706 श्रीगंगानगर-जयपुर-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस रेलसेवा में 1 अगस्त से 31 अगस्त तक 5 साधारण श्रेणी डिब्बों, गाड़ी संख्या 54754/54753 श्रीगंगानगर-बठिण्डा-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस रेलसेवा में 1 अगस्त से 31 अगस्त तक 5 साधारण श्रेणी डिब्बों तथा गाड़ी संख्या 54756/54755 श्रीगंगानगर-बठिण्डा-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस रेलसेवा में 1 अगस्त से 31 अगस्त तक 5 साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।

# सेवानिवृत्ति से पहले डीईओ का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। डीईओ सुभाष सांभरिया का सम्मान करते डाइट स्टाफ।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हुसैनपुर में जिला शिक्षा अधिकारी एवं वर्तमान प्रभारी जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान सुभाष चंद सांभरिया की सेवानिवृत्ति से पूर्व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता डाइट इंचार्ज एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डा. बीर सिंह ने की। डीईओ सांभरिया 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हो रहे है। डाइट से वरिष्ठ प्राध्यापक डा. सरोज यादव, डा. विजय सिंह, डा. रामफल शास्त्री तथा प्राध्यापक हरिश्चंद्र व डा. नीरेंन पाल सिंह ने जिला शिक्षा अधिकारी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके व्यक्तित्व की सादगी, सरलता, सौम्यता व कर्तव्यपरायणता से अवगत कराया। प्राध्यापक हरिश्चंद्र ने कविता के माध्यम से डीईओ के जीवन के सफर पर प्रकाश डाला। डाइट से डा. बीर सिंह, डा. विजय सिंह व डा. रामफल शास्त्री ने डीईओ का पगड़ी पहनाकर, महिला प्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ देकर व पुरुष प्रतिनिधियों शॉल भेंटकर सम्मान किया। संस्थान के वरिष्ठ प्राध्यापक डा. शास्त्री ने मंच संचालक की भूमिका निभाई। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी से ईमानदारी व लगन से अपना काम करते रहने का आह्वान किया। संस्थान के इंचार्ज वरिष्ठ प्राध्यापक डा. बीर सिंह ने सभी का आभार जाताया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापिका डा.मंजू बाला, प्राध्यापक दीपक कुमार, डा. जगदीश प्रसाद, रितु, धर्मेंद्र यादव बबीता, डा. सुरेंद्र कुमार, रविंद्र प्रकाश, डा. संगीता, सुदेश कुमारी, सुदेश शर्मा, सहायक यशपाल, आंकड़ा सहायक संजीव कुमार, लिपिक निशा देवी, दीपेंद्र कुमार, योगेश कुमार, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी इंद्र कुमार, विवेक कुमार, प्रवीण और मयंक उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से जिले में 42 हजार से अधिक महिलाओं को मिला लाभ

■ योजना के तहत गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को दी जाती है सहायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को उनके पहले जीवित बच्चे के लिए सीधे आर्थिक सहायता प्रदान करना है। यह योजना महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से संचालित की जाती है। योजना के तहत दो किश्तों में 5,000 रुपए की राशि प्रदान की जाती है ताकि गर्भावस्था और स्तनपान के दौरान होने वाली संभावित मजदूरी हानि की भरपाई की जा सकें।



शालू यादव।

**मिशन शक्ति के तहत बेटी के जन्म पर सहायता**

महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रोग्राम अधिकारी शालू यादव ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत यदि दूसरी संतान के रूप में लड़की का जन्म होता है, तो महिला को 6000 रुपए की अतिरिक्त सहायता राशि दी जाती है। इसका उद्देश्य समाज में बेटियों के जन्म को प्रोत्साहित करना और जन्म के समय लिंगानुपात को बेहतर बनाना है। इस योजना का उद्देश्य न केवल आर्थिक सहायता देना है, बल्कि महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवा लेने, सही पोषण बनाए रखने और जन्म के छह महीने तक केवल स्तनपान को बढ़ावा देना भी है। यह प्रयास शिशु मृत्यु दर कम करने और मातृ स्वास्थ्य में सुधार लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### ये हैं लाभार्थी

प्रोग्राम अधिकारी शालू यादव ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत वर्ष 2017 से अब तक 42000 से अधिक महिलाएं लाभांवित हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में अब तक 742 पहली बार की गर्भवती महिलाएं और दूसरी डिलीवरी वाली 220 महिलाओं को योजना का लाभ दिया जा चुका है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए पात्र महिलाएं अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र में आवेदन कर सकती हैं। आवेदन के लिए आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण, गर्भावस्था प्रमाण पत्र और स्वास्थ्य संबंधी जरूरी दस्तावेजों की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना रेवाड़ी जिले सहित पूरे देश में महिलाओं के लिए एक प्रभावी योजना बनकर उभरी है, जो न केवल आर्थिक सहायता प्रदान करती है।



रेवाड़ी। बैंक अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते एसडीएम विजय कुमार यादव।

### योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाएं बैंक अधिकारी: एसडीएम

**कोसली**। लघु सचिवालय में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक की ओर से नाहड़ ब्लॉक के बैंक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रेवाड़ी के एलडीएम राजीव रंजन कुमार मौजूद रहे। एसडीएम विजय कुमार यादव ने कहा कि सभी बैंक अधिकारी केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरुरतमंद पात्रों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। एसडीएम ने कहा कि नाहड़ खंड को वित्तीय साक्षरता की दृष्टि से पिछड़ा हुआ घोषित किया गया है। इस ब्लाक में बैंक अधिकारियों को वित्तीय साक्षरता के कैंप लगाने चाहिए। इस कार्य में उपमंडल प्रशासन की ओर से पूरा सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सरकार और हरियाणा सरकार ने सेल्फ हेल्प ग्रुप, मनरेगा, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री आवास योजना, शहरी व ग्रामीण आजीविका मिशन आदि कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। बैंक अधिकारी यह प्रयास करें कि आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति को अवश्य लोन दिया जाए। सामाजिक आर्थिक विकास के लिए निचले तबके का उत्थान किया जाना अत्यंत आवश्यक है। एलडीएम राजीव रंजन कुमार ने कहा कि कृषि क्षेत्र को बैंक ऋण प्रदान करने में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जानी चाहिए। इस अवसर पर विभिन्न बैंकों से आए अधिकारी हितेश, विजय मीणा, रुपेश यादव, शिवम अग्रवाल व खंड कृषि अधिकारी संजीत यादव मौजूद रहे।

# नशा मुक्त टीम ने दो नशा पीड़ितों को डी एडिक्शन सेंटर में भर्ती करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम के ग्रामीण दौरे लगातार जारी हैं। मंगलवार को निरीक्षक रामपाल के नेतृत्व में टीम ने गांव रसियावास, खेडी डालू सिंह व आनंदपुर में डोर टू डोर सम्पर्क कर ग्रामीणों के साथ बैठक की और गांवों को नशा मुक्त करने व ग्रामीणों को नशे से दूर रखने को लेकर विचार-विमर्श किया। नशामुक्ति टीम ने दो नशा पीड़ति व्यक्तियो की काउंसलिंग कराकर डी एडिक्शन सेंटर में भर्ती भी कराया।

नशा मुक्ति टीम द्वारा अब तक नशे से पीड़ति 67 लोगों की पहचान की है, जो किसी न किसी प्रकार के नशे से पीड़ति है तथा 18 नशा पीड़तिों का इलाज कराया गया है। निरीक्षक रामपाल ने कहा कि पुलिस और आमजन अगर आपस में तालमेल के साथ कार्य करें तो नशे जैसी बुराई पर नियंत्रण पाया जा सकता है। नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा। उन्होंने कहा कि पुलिस के इस अभियान से प्रेरित होकर जहां युवा शिक्षा और खेल गतिविधियों की ओर अग्रसर हो रहे हैं, वहीं पर अनेक नशा ग्रस्त युवकों ने नशा छोड़ने की पहल भी की है।



रेवाड़ी। युवाओं को जागरूक करते हुए पुलिस टीम।

# दुर्घटना रोकने के प्रति संवेदनशील रहें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एडीसी राहुल मोदी ने कहा कि जिले में सडकों को वाहन चालकों के लिए सुरक्षित बनाया जाए। इसके लिए समय-समय पर सडकों पर डिवाइडर, गति अवरोधक, सफेद पट्टी, साइन बोर्ड, स्ट्रीट लाईट, आवश्यकता अनुसार ग्रिल लगाए जाने की प्रक्रिया जारी रहनी चाहिए। ट्रैफिक पुलिस, लोक निर्माण, नगर परिषद, एचएसवीपी, एचएसआरडीसी, मार्केटिंग बोर्ड व राष्टीय राजमार्ग प्राधिकरण विभाग सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के प्रति संवेदनशील रूख अपनाएं। एडीसी मोदी मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय सडक सुरक्षा समिति की बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि गोकलगढ़ चौक पर सड़क की हालत जीर्ण-शीर्ण है, इसकी रिपेयर कराई जाए।

लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता सतेंद्र श्योराण ने बताया कि इस रोड की डीएनआईटी बना कर भिजवा दी गई है, जिसकी स्वीकृति मिलते ही काम शुरू करा दिया जाएगा।

**सूचना**

मैं, जितेन्द्र सपुत्र श्री सत्यनारायण निवासी झांसवा तह० मातनहेल जिला झज्जर हरियाणा बयान करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पिता का नाम SATYANARAYN व माता का नाम VAIJYANTI MALA दर्ज है। जबकि मेरे पिता के आधार कार्ड में उनका नाम SATY NARAYAN व माता के आधार कार्ड नाम BIJENTI दर्ज है। उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

डॉ. आर. बी. यादव अस्पताल, नियर धारूहेड़ा चुंगी, सर्कुलर रोड, रेवाड़ी, हरियाणा -123401, 17.07.2013 से 31.03.2019 की अवधि के मेडिकल रिकॉर्ड को नष्ट कर रहा है। इसमें एमएलसी और मृत्यु फाइलों को छोड़ कर सभी प्रकार के रोगी रिकॉर्ड शामिल होंगे। यदि कोई अपना मेडिकल रिकॉर्ड लेना चाहता है तो कृपया आई. पी. डी. नंबर और अपना पहचान पत्र के साथ इस नोटिस के 30 दिनों के अंदर मेडिकल रिकॉर्ड विभाग (कमरा नः 112) से संपर्क करें।
संपर्क नं. : 9992373475
डॉ आर. बी. यादव

**PUBLIC NOTICE**

Dr. R.B. Yadav Hospital, Near Dharuhera Chungi, Circular Road, Rewari, Haryana -123401 is discarding the medical record for the period of **17July 2013 to 31 March 2019**. It will include all types of medical record excluding MLC and Death files. If anybody wants to take their medical records photocopy contact in Medical Record Department **(Room no. 112)** within **30 days** of this notice with your I.P.D. number and ID proof.
Contact No. 9992373475
Dr. R.B. Yadav Hospital


**ग्राम पंचायत कन्हौरा**
**खण्ड जाटूसाना, जिला रेवाड़ी (हरियाणा)**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कन्हौरा खण्ड जाटूसाना, जिला रेवाड़ी में पंचायत स्तर पर हरियाणा सरकार के पत्र क्रमांक HSSBM-SPM2020127 546-728 दिनांक 01.06.2020 की हिदायतों के अनुसार डोर टू डोर कूडा संग्रहण एवं निस्तारण का कार्य करना है। इच्छुक फर्म दिनांक 29.07.2025 से 04.08.2025 तक 7 दिन के अंदर अपनी कोटेशन पंचायत कन्हौरा में जमा करवा सकते हैं। बाद में कोई कोटेशन स्वीकार नहीं की जाएगी।
हस्ता/- अनीता, सरपंच, ग्राम पंचायत कन्हौरा
खण्ड जाटूसाना (रेवाड़ी), मो. 8930185998

### धरने के साथ ग्रामीणों का कैंडल मार्च, अस्पताल की मांग को लेकर जनसम्पर्क

**रेवाड़ी**। रामगढ़-भगवानपुर में अस्पताल बनाओ संघर्ष कमेटी का धरना मंगलवार को 43वें दिन में प्रवेश कर गया। धरने पर रोजाना दर्जनभर गांवों के ग्रामीण शामिल हो रहे है। मंगलवार को धरने की अध्यक्षता राव लाल सिंह ने की। सरकारी अस्पताल की मांग को लेकर कमेटी की ओर से गांवों में कैंडल मार्च निकालकर जन सम्पर्क अभियान भी चलाया जा रहा है। सरपंच प्रतिनिधि अनिल कुमार ने कहा कि सरकार एनएच-71 पर भगवानपुर की पंचायत जमीन में सरकारी अस्पताल बनाने की जायज मांग को अनदेखा कर रही है। सरकार के इस उदासीन रवैए से जनता में रोष पनप रहा है। अगर यही चलता रहा तो रामगढ़ भगवानपुर अस्पताल बनाओ संघर्ष कमेटी कोई बड़ा फैसला लेने के लिए बाध्य होगी। धरने पर शेरसिंह मीरपुर, महिपाल फदनी,अनिल सरपंच गोकलपुर, भुपेंद्र सिंह नयागांव, एडवोकेट सुधीर कुमार मीरपुर,अभय सिंह, कॉमरेड रमेश चन्द्र, सतीश सरपंच बुड़ानी, खजान सिंह, रामकुमार बुडानी, मोहर सिंह, राज सिंह, प्रेमप्रकाश, इंद्रजीत नंबरदार, राजबीर, वीरेंद्र सिंह फोजी, शोभाराम, कृष्णा देवी भगवानपुर सरपंच, आशा भगवानपुर, सुनीता भगवानपुर,राजेश, मोनिका, विमला भगवानपुर, उर्मिला, शकुंतला भगवानपुर, निर्मला, रामगिरी रामगढ़, वीरमति रामगढ़, गीता व कविता देवी रामगढ़ सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।



रेवाड़ी। रामगढ़ में धरने पर बैठे हुए ग्रामीण।




अस्पताल की मांग को लेकर कैंडल मार्च निकालते ग्रामीण।

# बेसहारा बच्चों को मिलेगा नया घर

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जिले में अनाथ, बेसहारा और जरूरतमंद बच्चों के लिए फॉस्टर केयर यानि पालक परिवार योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत ऐसे बच्चों को एक सुरक्षित, स्नेहपूर्ण और पारिवारिक माहौल देने के उद्देश्य से चयनित पालक परिवारों को बच्चों की देखभाल की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि योजना के अंतर्गत पालक परिवारों को बच्चों की देखभाल के लिए हर महीने 4000 रूपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। यह सुविधा उन बच्चों के लिए है जो या तो अनाथ हैं, उनके माता-पिता असमर्थ हैं, जेल में हैं या गंभीर बीमारी से पीड़ति हैं। ऐसे बच्चे, जिनकी कोई देखभाल करने वाला नहीं है, उन्हें समाज के भरोसेमंद परिवारों के साथ जोड़ा जाएगा। जिला बाल संरक्षण अधिकारी दीपिका ने बताया कि बाल कल्याण समिति और जिला बाल संरक्षण इकाई मिलकर योग्य पालक परिवारों की सूची तैयार करती है। इन बच्चों को एक तय समयावधि तक पालक परिवारों के पास रखा जाएगा। जरूरत पड़ने पर इस अवधि को बढ़ाया भी जा सकता है। जिला कार्यक्रम अधिकारी शालू यादव ने बताया कि इच्छुक परिवारों को पूरी प्रक्रिया से अवगत कराया जाएगा। विभाग की टीम समय-समय पर पालक परिवारों का निरीक्षण भी करेगी।



अभिषेक मीणा।

## खबर संक्षेप



### कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण कथा का शुभारंभ

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा के श्री ठाकुर जी मंदिर में 6 अगस्त तक शिवमहापुराण भक्ति ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। सेवा समिति धारूहेड़ा की ओर से मंगलवार को कलश यात्रा निकाल कर कथा का शुभारंभ किया। कलश यात्रा ने श्री ठाकुर जी मंदिर से शुरू होकर कस्बे का भ्रमण किया। कलश यात्रा में भगवान शिव व माता पार्वती की मनमोहक झांकियां शामिल की गई। इस मौके पर मुख्य यजमान पूर्व चेयरमैन राव इन्द्रपाल, राव मनजीत सिंह जेलदार, प्रधान श्रीभगवान, राजेश सोनी, अनिल शर्मा, व उप चेयरमैन अजय जांगड़ा सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।

### मोटर व्हीकल एक्ट के तहत एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना कसोला पुलिस ने लापरवाही से वाहन चलाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 11 जुलाई को कसोला चौक के पास हुए हादसे के बाद वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने इस मामले में राजस्थान के झुनझुनू निवासी रूपेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### शाम के सत्र में होगी पीजीटी की परीक्षा

# एचटेट परीक्षा को लेकर पुलिस ने किए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

- परीक्षा केंद्रों के आस-पास सभी फोटो स्टेट, फैक्स, जेरॉक्स और अन्य संचार सम्बंधित सभी दुकानें बंद रहेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने जिले में 30 व 31 जुलाई को होने वाली एचटेट परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रभारियों और परीक्षा केंद्रों के इंचार्जों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की और सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि 30 व 31 जुलाई को आयोजित होने वाली एचटेट परीक्षा के लिए जिले में 41 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। 30 जुलाई को शाम के सत्र में लेवल-3 पीजीटी की परीक्षा होगी, जिसमें 7 हजार 444 के करीब परीक्षार्थी शामिल होंगे। सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और प्रत्येक केंद्र पर पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी। इसके अतिरिक्त परीक्षा केंद्रों के आसपास नाकेबंदी भी की जाएगी। एसपी मीणा ने अधिकारियों को परीक्षा केंद्रों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों में ड्यूटी स्टाफ के अलावा किसी भी अन्य व्यक्ति का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों के इकट्ठा होने या आग्नेय अस्त्र लेकर आने पर भी पाबंदी रहेगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों के आस-पास सभी फोटो स्टेट, फैक्स, जेरॉक्स और अन्य संचार सम्बंधित सभी दुकानें बंद रहेंगी। इसके अलावा एचटेट परीक्षा के दौरान यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए मुख्य चौराहों पर ट्रैफिक जवानों की अतिरिक्त नियुक्ति की जाएगी।



रेवाड़ी। पुलिस अधिकारियों का दिशा-निर्देश देते एसपी मीणा। फोटो : हरिभूमि

#### परीक्षार्थियों की गहन तलाशी ली जाएगी

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने सभी जवानों को स्पष्ट रूप से आदेश दिए हैं कि परीक्षा केंद्रों के अंदर केवल ड्यूटी पर तैनात स्टाफ और परीक्षार्थियों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। किसी भी अन्य व्यक्ति को केंद्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों की गहन तलाशी ली जाएगी, जिसके लिए एचएचएमडी और फ्रिस्किंग टीम को तैनात किया गया है। पुलिस कर्मियों को वाकी-टाकी से लैस किया गया है ताकि किसी भी प्रकार की सूचना को तुरंत अधिकारियों तक पहुंचाया जा सकें।

#### संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि पर नजर रखें

एसपी ने कहा कि सभी थाना प्रभारी एचटेट परीक्षा के मद्देनजर सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास विशेष रूप काम्बिंग सर्च अभियान चला कर सभी होटल, गेस्ट हाउस, पीजी तथा साइबर कैफे पर कड़ी निगरानी रखें। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों तथा नाकों पर तैनात पुलिस के जवान पूरी सावधानी बरते तथा वहां से गुजरने वाले प्रत्येक वाहन व व्यक्ति पर कड़ी निगरानी रखे तथा संदिग्ध किस्म के लोगों पर पैनी नजर रखें। एसपी ने कहा कि परीक्षा के दौरान सभी दुकानदारों से परीक्षा केंद्रों के आसपास फोटो स्टेट, स्टेशनरी, अन्य अन्य संचार संबंधित सहित सभी दुकानें बंद रखने की अपील की है साथ ही लोगों से अपील की है कि परीक्षा के दौरान अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि नजर आती है, तो वह तुरंत पुलिस को डायल-112 पर सूचना दें।


रेवाड़ी। खंड खोल की कबड्डी की जूनियर तथा सीनियर विजेता टीम के साथ कोच एवं प्रभारी। फोटो : हरिभूमि

# खंडस्तरीय कबड्डी स्पर्धा में सीहा स्कूल बना ओवरऑल चैंपियन

- प्रार्थना सभा में दोनों नर्सरी के विजेताओं तथा प्रशिक्षक व प्रभारियों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले के गांव सीहा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की कबड्डी खेल नर्सरी ने अंडर-14 व अंडर-17 कबड्डी दोनों वर्गों में खंड स्तरीय आयोजन में विजेता रहकर अपना दबदबा कायम रखा है। एथलेटिक्स में भी विद्यालय ने लड़का व लड़की वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ग्राम पंचायत की एथलेटिक्स खेल नर्सरी का भी नाम रोशन किया। मंगलवार को प्रार्थना सभा में दोनों नर्सरी के विजेताओं तथा प्रशिक्षक व प्रभारियों को सम्मानित किया गया।

विद्यालय के स्टाफ सचिव दिनेश कुमार ने बताया कि कबड्डी के कोच होशियार सिंह तथा एथलेटिक्स की कोच संदीप कुमार के मार्गदर्शन में करीब चार दर्जन विद्यार्थियों ने खंड स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिनमें से कबड्डी की टीम दोनों वर्गों में विजेता रही, इसके अलावा एथलेटिक्स में ललिता, बबीता, प्रीति, महेश व ललित ने अपने-अपने वर्गों में विजेता रहकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य सत्यवीर की अध्यक्षता में सभी विजेताओं, कोच तथा विद्यालय के प्रभारियों अनिता कुमारी, सीमा देवी, नरेश कुमार तथा रवि कुमार को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। अब विजेता टीम तथा विजेता एथलीट खंड खोल का जिला स्तर पर प्रतिनिधित्व करेंगे। गांव की सरपंच सरिता यादव, पूर्व सरपंच विक्रम पांडेय, युवा चेतना संगठन के प्रधान नरेश भारद्वाज, स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरबीर व पूर्व अध्यक्ष नरेश यादव ने सभी विजेताओं, प्रशिक्षकों तथा प्रभारी को बधाई दी।

# आईजीयू के लॉ स्टूडेंट्स को दी तीन नए कानूनों की जानकारी


रेवाड़ी। पुलिस लाइन में प्रशिक्षण लेते हुए लॉ स्टूडेंट्स व पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि

- कार्यक्रम में कानूनों के लागू होने तथा क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में जिला पुलिस की ओर से मंगलवार को तीन नए कानूनों के संबंध में पुलिस लाइन के मीटिंग हाल में आईजीयू मीरपुर के लॉ स्टूडेंट्स व पुलिस कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कल्याण निरीक्षक रतन सिंह ने की। प्रशिक्षण का उद्देश्य कानून प्रवर्तन में उत्कृष्टता और सत्य निष्ठा के प्रति प्रतिबद्धता को कायम रखना था। कार्यक्रम में कानूनों के लागू होने तथा क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान पुराने कानूनों की जगह लागू हुए तीन नए कानूनों के संबंध में चर्चा की गई। कल्याण निरीक्षक ने लॉ स्टूडेंट्स तथा पुलिस कर्मचारियों को कानून के अंतर्गत कार्य करते हुए लोगों को न्याय दिलाने में उनकी भूमिका के बारे में बताते हुए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी मीरपुर से विधि विभाग से डा. हेमंत कुमार यादव, डा. कुसुम यादव व डा. पूनम रानी सहित यूनिवर्सिटी के लॉ स्टूडेंट्स सुरेन्द्र सिंह, रणधीर सिंह, कंवर सिंह व हरीश चंद्र मौजूद थे।

# होली चाइल्ड स्कूल को क्यूएस गोल्ड रेटिंग से किया सम्मानित



रेवाड़ी। अवार्ड लेते हुए स्कूल निदेशक अनिरुद्ध सचदेवा। फोटो : हरिभूमि

**रेवाड़ी।** होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल को देश के प्रतिष्ठित शैक्षिक मूल्यांकन संगठन क्यूएसआई-गेज की ओर से गोल्ड रेटिंग प्रदान की गई। यह सम्मान स्कूल के निदेशक अनिरुद्ध सचदेवा को तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा की ओर से ले मेरिडियन हैदराबाद में आयोजित इंडिया अकेडमिक फोरम समारोह में प्रदान किया गया। क्यूएसआई-गेज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्यातिप्राप्त क्यूएस क्वाक्वेरेली साइमंडस का भारतीय संस्करण है, जो स्कूलों और विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता का आकलन अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप करता है। यह गोल्ड रेटिंग विद्यालय की आधारभूत संरचना, शैक्षणिक परिणाम, कॉलेज प्लेसमेंट, खेल उपलब्धियां, शिक्षक प्रशिक्षण, छात्रवृत्तियां, सामाजिक योगदान, पुरस्कार व सम्मान जैसी कई महत्वपूर्ण श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्रदान की गई। कार्यक्रम में भारत के प्रमुख विश्वविद्यालयों और स्कूलों ने भाग लिया। इस उपलब्धि पर निदेशक अनिरुद्ध सचदेवा ने कहा कि यह सम्मान स्कूल के शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

# ऋषिकेश, उत्तम सागर व अभिजीत बने विजेता

- खंड स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर में खंड स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य मनोज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी दयाराम आर्य ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। योग प्रतियोगिता में रेवाड़ी खंड के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि ने योग साधकों को कठिन योग क्रियाओं के नियमित अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि योग हमारी प्राचीन संस्कृति का परिचायक है। हमे नियमित रूप से योग प्राणायाम का अभ्यास कर अपने आप को स्वस्थ रखना चाहिए। खंड स्तरीय योग प्रतियोगिताओं में शारीरिक शिक्षक नवल सिंह, जयसिंह, चंपा देवी, महेश कुमार व कुसुमलता ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।



रेवाड़ी। योग प्रतियोगिता के विजेता शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे विजेता

योग अध्यापक मुकेश कुमार ने बताया कि शारीरिक शिक्षक राजेश कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित बालक वर्ग की योग प्रतियोगिता के अंडर-14 आयु वर्ग में गुरुकुल से ऋषिकेश ने प्रथम, दीपेश ने द्वितीय व यश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 आयु वर्ग में गुरुकुल के उत्तम सागर प्रथम, आरपीएस धारूहेड़ा से युवी नेगी ने द्वितीय व गुरुकुल के विशाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा अंडर-19 आयु वर्ग मे घासेड़ा गुरुकुल के अभिजीत ने प्रथम, महेश्वरी के निशांत ने द्वितीय तथा आरपीएस धारूहेड़ा के हिमांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य मनोज कुमार ने विजेताओं का उत्साहवर्धन करते हुए जिला स्तर पर और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

## विद्यार्थियों ने ब्लॉक स्तरीय खेलों में दिखाया दमखम



कोसली। सरस्वती स्कूल गुड़ियानी के छात्रों ने हाल ही में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के छात्र भारत ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अंडर-19 आयु वर्ग बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं आदित्य ने अंडर-17 कुश्ती 65 किलोग्राम भार वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। प्रिया ने 200 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रशासन ने तीनों विजेताओं को बधाई देते हुए सम्मानित किया। विद्यालय के प्राचार्य धर्मवीर शर्मा ने कहा कि छात्रों की यह सफलता उनके कठिन परिश्रम और समर्पण का परिणाम है।

# राजकीय स्कूल कंवाली में राव मोहर सिंह हेरिटेज द्वार की रखी गई आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कंवाली में पुनर्निर्माण एवं पुनरुद्धार अभियान के अंतर्गत स्कूल भवन के मेन रोड पर मंगलवार को राव मोहर सिंह द्वार का शिलान्यास किया गया। हसला के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष एवं स्कूल प्राचार्य अनिल यादव और समाजसेवी दादा जयपाल डहीना के साथ विद्यालय स्टाफ ने शिलान्यास किया। प्राचार्य अनिल यादव ने बताया कि इस द्वार का निर्माण राव नरवीर सिंह वाणिज्य उद्योग तथा वन एवं वन्य जीव प्राणी मंत्री के कोटे से जारी ग्रांट के तहत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह एक हेरिटेज श्रेणी का गेट होगा। इस द्वार का निर्माण बाबूराव मोहर सिंह की स्मृति में उनके नाम पर किया जा रहा है, क्योंकि इस स्कूल की आधारशिला 1944 में बाबू मोहर सिंह के अथक प्रयासों से संभव हुई थी। बाबू मोहर सिंह ने अपने कार्यकाल में 12 से अधिक शैक्षणिक संस्थाओं का निर्माण कराने में इलाके में अहम योगदान दिया था। डहीना स्कूल के प्राचार्य राकेश यादव, विजय सिंह, अनिल कुमार, श्रीभगवान, राम सिंह, सुमेर सिंह, प्रदीप कुमार, करण सिंह, सुनीता, पिंकी, पूजा,अदिति, किरण, दीपिका, राकेश कुमार, दिनेश कुमार, जितेंद्र, रमेश देवी तथा कंस्ट्रक्शन ठेकेदार धर्मपाल सिंह उपस्थित थे।


स्कूल के मुख्य द्वार का शिलान्यास करते हुए प्राचार्य व अन्य।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

**सुझाव** किसानों को सुझाव दिया कि नरमा की लकड़ियों को खेतों में एकत्रित न करें

फसल के 60 दिन के हो जाने पर 5 प्रतिशत एनएसकेई का छिड़काव करने की सलाह दी

# कृषि अधिकारियों ने कपास फसल में गुलाबी सुंडी और अन्य रोगों के प्रकोप का सर्वेक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय एवं राज्य कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने जिले के विभिन्न गांवों में कपास में गुलाबी सुंडी और अन्य रोगों के प्रकोप को लेकर संयुक्त सर्वेक्षण किया। सर्वेक्षण टीम में शामिल राज्य कृषि विभाग से डा. मनोज कुमार वर्मा, रीजनल सेंट्रल इंटीग्रेटेड पेस्ट मैनेजमेंट सेंटर फरीदाबाद से डा. वंदना पांडेय, रीजनल इंचार्ज एवं उपनिदेशक के निर्देशन में डा.लक्ष्मी कांत सहायक वनस्पति संरक्षक अधिकारी, डा. सूरज बरनवाल सहायक वनस्पति संरक्षक अधिकारी व डा.केपी शर्मा सहायक वनस्पति संरक्षक अधिकारी ने सर्वेक्षण के दौरान पाया कि अभी गुलाबी सुंडी और अन्य कीट व रोगों का प्रकोप ईटीएल लेवल से कम है। जिन किसानों ने अपने खेत में कपास/नरमा की लकड़ी को भंडारित कर रखा है, उन किसानों को ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है,क्योंकि इन किसानों के खेतों में गुलाबी सुंडी का प्रकोप अधिक होता है। उन्होंने किसानों को सुझाव दिया कि नरमा की लकड़ियों को खेतों में एकत्रित न करे और अगर करते है तो पॉलीथिन से ढककर रखे। फसल की शुरूआती अवस्था में गुलाबी सुंडी से प्रभावित नीचे गिरे रोजेट फूल, फूल डोडी वे टिंडों को एकत्रित कर जला दे। टीम के सदस्यों ने किसानों को लगातार फसल की निगरानी करने तथा फसल के 60 दिन के हो जाने पर 5 प्रतिशत एनएसकेई का छिड़काव करने की सलाह दी।


रेवाड़ी। कपास की फसल का सर्वेक्षण करते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

#### कीटनाशकों का अनुशंसित मात्रा में छिड़काव करें

फूल अवस्था में 10 प्रतिशत नुकसान की स्थिति तथा टिंडे विकास की अवस्था में 20 टिंडों में कम से कम 2 टिंडों में गुलाबी सुंडी का बाहरी सुराख हो तो वह आर्थिक हानि स्तर का माना जाएगा तथा फसल के बिजाई के 45 दिनों के बाद 2 फेरोमोन ट्रैप प्रति एकड़ लगाए। उन्होंने बताया कि कीटों की संख्या 8 कीट प्रति ट्रैप लगातार 3 दिन तक आने पर ही कीट को आर्थिक हानि स्तर का माना जाता है। ऐसे स्थिति होने पर किसान सेंट्रल इनसेक्टिसाइड बोर्ड एवं रजिस्ट्रेशन कमेटी की ओर से अनुशंसित कीटनाशकों का अनुशंसित मात्रा का छिड़काव करें। इस मौके पर गांव कमालपुर से अशोक कुमार व नीतेश कुमार सहित अनेक किसान मौजूद थे।